भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
विधि कार्य विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 537
जिसका उत्तर बुधवार, 20 नवम्बर, 2019 को दिया जाना है

चिकित्सीय गर्भपात हेतु जनहित याचिका

537. श्रीमती मीनाक्षी लेखी :

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत दस वर्षों से चिकित्सीय गर्भपात के लिए उच्चतम न्यायालय में दायर जनहित याचिकाओं की संख्या कितनी है ;

(ख) उक्त अवधि के दौरान चिकित्सीय गर्भपात के लिए राज्य उच्च न्यायालयों में दायर जनहित याचिकाओं की संख्या कितनी है ; और

(ग) ऐसी जनहित याचिकाओं को निपटाने में लगने वाले समय का ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

विधि और न्याय, संचार तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री रविशंकर प्रसाद)

(क) से (ग) : सूचना एकत्रित की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी ।

****